# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए सरकार कितनी विशेष वित्तीय सहायता देगी?

(A) ₹400 करोड़
(B) ₹500 करोड़
(C) ₹200 करोड़
(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान बजट में शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों को संवारने का बड़ा ऐलान हुआ है. हवेलियों की सुरक्षा, जीर्णोद्धार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुल ₹200 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।

झुंझुनू, सीकर और चुरू की 660 से अधिक हवेलियों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए सरकार विशेष वित्तीय सहायता देगी

इमारतों की मूल ऐतिहासिक सुंदरता और कला (फ्रेस्को पेंटिंग) को नुकसान पहुँचाए बिना उनका नवीनीकरण किया जा रहा है।

इन हवेलियों को हेरिटेज होटलों, होमस्टे (Homestay), कला दीर्घाओं और सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान में शहरी परिवहन को प्रदूषण मुक्त और आधुनिक बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 20 जून 2026 को 'प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना' के तहत राज्य में पहली बार अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक (EV) बसों की शुरुआत की है।

02. मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन (MIF) द्वारा जयपुर के जगतपुरा में 4000 वर्गमीटर भूमि पर देश का पहला 'मारवाड़ी फैसिलिटेशन सेंटर' (मारवाड़ी प्रवासी भवन) स्थापित करने की ऐतिहासिक पहल की गई है

03. राजस्थान व हरियाणा राज्य के मध्य 1994 के अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते को लागू करने पर एमओयू किया जाएगा?

04. भारत-पाक सीमा क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुरक्षा को मजबूत करने हेतु जैसलमेर–भामर नई रेल लाइन परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

05. राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा संचालित सभी खेल अकादमियों एवं क्रीड़ा संस्थानों में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के लिए पहली बार विशेष पौष्टिक आहार योजना लागू की जा रही है।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड टीम में भारतीय मूल के जय मूंदड़ा खेलेंगे

(B) जय मूंदड़ा भारतीय मूल के हैं और उनका संबंध राजस्थान से के टोंक जिले से है

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

आयरलैंड ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है। लोर्कन टकर 14-सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे,

दोनों देश 26 और 28 जून को दो मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे. आयरलैंड की टीम में भारतीय मूल के जय मूंदड़ा को भी जगह मिली है जो लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाज हैं.

जय मूंदड़ा भारतीय मूल के हैं और राजस्थान से उनका ताल्लुक है. जयपुर से 100 किलोमीटर दूर टोंक नाम के छोटे से शहर में जन्मे मूंदड़ा 2021 में, 24 साल की उम्र में, वह इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में मास्टर्स डिग्री करने के लिए आयरलैंड चले गए और साथ ही एक क्रिकेटर के तौर पर भी खुद को बेहतर बनाते रहे

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) रॉयल रणथंभौर इंटरनेशनल टाइगर वीक का आयोजन 26 से 28 जून तक सवाई माधोपुर में किया गया

(B) इस वर्ष आयोजन की थीम 'कंजर्व इंडियाज़ फाइनेस्ट टाइगर्स' रखी गई है

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मंथन के उद्देश्य से लिव4फ्रीडम एलएलपी की ओर से 5वें रॉयल रणथंभौर इंटरनेशनल टाइगर वीक का आयोजन 26 से 28 जून तक सवाई माधोपुर के आमाघाटी वाइल्डलाइफ रिजॉर्ट और कैसल झूमर बावड़ी में किया जाएगा।
- इस वर्ष आयोजन की थीम 'कंजर्व इंडियाज़ फाइनेस्ट टाइगर्स' रखी गई है
- इस कार्यक्रम के दौरान कंजर्वेशन अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय सरोकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार 11 श्रेणियों में दिए जाएंगे

03.नीति आयोग की भारत में स्कूल शिक्षा प्रणाली पर जारी रिपोर्ट-2026 में राज्य सरकार के किस अभियान' को देश की सर्वश्रेष्ठ बेस्ट प्रैक्टिसेज में से एक माना गया है।

(A) मुख्यमंत्री राज शिक्षाअभियान

(B) हरियालो अभियान अभियान

(C) मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- नीति आयोग की भारत में स्कूल शिक्षा प्रणाली पर जारी रिपोर्ट-2026 में राज्य सरकार के 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' को देश की सर्वश्रेष्ठ बेस्ट प्रैक्टिसेज में से एक माना गया है।
- इसके साथ ही, केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी स्वच्छ व हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में राजस्थान को देश भर में तीसरा स्थान मिला है
- मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' (MSRA) 29 मार्च 2025 को राजस्थान दिवस के अवसर पर आरंभ किया गया था।
- यह अभियान पूर्व में संचालित 'स्कूल में शिक्षा के बढ़ते कदम' का ही नया और उन्नत रूप है, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (FLN) को मजबूत करना है

## 04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान के बालोतरा में बने पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई को करेंगे

(B) इस रिफाइनरी का शिलान्यास मूल रूप से सितंबर 2013 में हुआ था

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के बालोतरा में बने पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन 21 अप्रैल को होना था. लेकिन उद्घाटन से एक दिन पहले ही रिफाइनरी में आग की घटना के बाद यह आगे के लिए टाल दिया गया था.
- इस रिफाइनरी का शिलान्यास मूल रूप से सितंबर 2013 में हुआ था
- बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई को राजस्थान यात्रा पर आएंगे. इसी दौरान रिफाइनरी का उद्घाटन कार्यक्रम किया जाएगा. वहीं यह भी कहा जा रहा है कि पीएम जयपुर मेट्रो फेज-2 का भी शिलान्यास कर सकते हैं.
- जयपुर को 13 हजार करोड़ का मेट्रो प्रोजेक्ट मिलेगा. इसके साथ यह भी कहा जा रहा है कि पीएम मोदी की मौजूदगी में ही यमुना जल समझौता को लेकर राजस्थान और हरियाणा के बीच MOA साइन किया जाएगा.

05.हाल ही में 19 जून को राजस्थान के किस शहर को दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ कला और सांस्कृतिक शहरों में 18वां स्थान मिला।?

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 19 जून को जयपुर शहर को दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ कला और सांस्कृतिक शहरों में 18वां स्थान मिला।
- इस लिस्ट में लंदन पहले नंबर पर है और जयपुर भारत का एकमात्र शहर है, जिसने टॉप 20 में जगह मिली है।
- ये रैंकिंग लंदन स्थित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम आउट' ने जारी की है।
  - ये रैंकिंग शहरों की सांस्कृतिक विरासत, संग्रहालयों और कला कार्यक्रमों के आधार पर दी जाती है।
  - जयपुर में ब्लू पॉटरी, ब्लॉक प्रिंटिंग जैसे पारंपरिक हस्तशिल्प और ऐतिहासिक स्मारक जैसे हवा महल और सिटी पैलेस मौजूद

जयपुर, मंगलवार, 23 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-124

1. **'पीएम** ई-बस सेवा योजना' के तहत केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान के कितने शहरों का चयन किया गया है?
(A) 5
(B) 7
(C) 8
(D) 10

2. **'12वें** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर राजस्थान का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह कहां आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने योगाभ्यास किया?
(A) पुष्कर (अजमेर)
(B) आबूराज (सिरोही)
(C) नाथद्वारा (राजसमंद)
(D) कनक वृंदावन (जयपुर)

3. **औपनिवेशिक** सोच से मुक्त कर भारतीय मूल्यों से जोड़ने के लिए 'प्रधानमंत्री कार्यालय' को नया नाम क्या दिया गया है?
(A) लोकभवन
(B) कर्तव्य भवन
(C) सेवा तीर्थ
(D) भारत भवन

4. **राजस्थान** सरकार द्वारा स्थानीय अर्थव्यवस्था और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए 'पंच गौरव' पहल के तहत किन पांच क्षेत्रों को शामिल किया गया है?
(A) शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और पर्यटन
(B) जल, जंगल, जमीन, जानवर और जन
(C) हस्तशिल्प, खनिज, वनोपज, पशुधन और पर्यटन
(D) उपज, उत्पाद, वनस्पति, खेल और पर्यटन

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत राजसमन्द जिले की उपज कौन सी है?
(A) मक्का (B) धनिया
(C) सीताफल (D) चावल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. भारत के किस राज्य में खेल अकादमियों एवं क्रीड़ा संस्थानों में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के लिए पहली बार विशेष पौष्टिक आहार योजना लागू की जा रही?**

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine